Quiz Competition

अर्थशास्त्र परिषद के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के क्रम में आज दिनांक 29.02.2024 को ' Quiz Competition ' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन अर्थशास्त्र विभाग में सम्पन्न करायी गयी। जिससे विषय की जानकारी के साथ-साथ ऑनलाइन परीक्षा की जानकारी का भी छात्रों का ज्ञानवर्धन हुआ। इसमें एम ए चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम ए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र तथा आर्थिक समसामयिक विषय से प्रश्न पूछें गये। कार्यक्रम का आयोजन विभाग के शिक्षक डॉ. मनीश कुमार, सहायक आचार्य के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप कुमार द्वारा छात्रों को यह बताया गया कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेना प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टिकोण से बहुत ही लाभकारी है। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर के. आर. त्रिपाठी,अर्थशास्त्र परिषद के प्रभारी डॉ. राजू कुमार गुप्ता सहित डॉ. सत्यपाल सिंह, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. वन्दना अहिरवार तथा समस्त शोध छात्र तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।